संख्या-7/2019-527/58-2019-118/2016

प्रेषक,

संदीप कौर,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

उद्यान अनुभाग **लखनऊः दिनांक 08 मार्च, 2019**

विषयः **वर्ष 2018-19 में विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं को डी0बी0टी0 के माध्यम से क्रियान्वयन किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-251/डी0बी0टी0/आई0टी0 सेल/ 2018-19, दिनांक 28.02.2019 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसमें शासनादेश सं0-39/2018-1419/58-2018-118/2016, दिनांक 26.06.2018 द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं में डी0बी0टी0 के संबंध में शिथिलता प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं को डी0बी0टी0 के माध्यम से क्रियान्वयन किये जाने के संबंध में निर्गत उपरोक्त शासनादेश दिनांक 26.06.2018 में शिथिलता प्रदान करते हुए निम्नवत् व्यवस्था की जाती है :-

डी0बी0टी0 :-

शासनादेश सं0-39/2018-1419/58-2018-118/2016, दिनांक 26.06.2018 के प्रस्तर-6 की व्यवस्था को शिथिल करते हुए डी0बी0टी0 पोर्टल www.upagriculture.com पर पंजीकरण की अनिवार्यता को शिथिल करते हुए दिनांक 31.03.2019 तक ऑफलाइन आवेदन प्राप्त कर कोषागार के माध्यम से एन0ई0एफ0टी0/आर0टी0जी0एस0 द्वारा लाभार्थियों को अनुदान भुगतान किये जाने की अनुमन्यता होगी।

शासनादेश दिनांक 26.06.2018 के शेष बिन्दु यथावत् हैं। उपरोक्तानुसार योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीया,

(संदीप कौर)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-7/2019-527(1)/58-2019,तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-:

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उ0प्र0शासन।
2. निजी सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0शासन।
3. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, कृषि विभाग, उ0प्र0शासन।
4. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0शासन।
5. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उ0प्र0शासन।
6. निदेशक, कृषि विभाग, उ0प्र0लखनऊ।
7. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
8. समस्त मण्डलीय उप निदेशक उद्यान, उ0प्र0।
9. समस्त जनपदीय उद्यान अधिकारी, उ0प्र0।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(इन्दुबाला कटियार)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in